**अद्भुत दृश्य** | सर्दियों में गौरीघाट पर देखने मिल रहा मनमोहक नज़ारा

# प्रवासी पक्षियों से गूंज रहा नर्मदा तट



**नवभारत, जबलपुर।** सर्दियों के मौसम में नर्मदा तट पर प्रकृति ने जैसे अपनी मौजूदगी दर्ज करा दी है। गौरीघाट पहुंचते ही सुबह की हल्की धुंध के बीच नर्मदा के शांत जल पर मंडराते प्रवासी पक्षियों के झुंड एक अद्भुत दृश्य रच रहे हैं। नदी किनारे बैठते, उड़ान भरते और दाना चुगते ये पक्षी पूरे तट को चहचहाहट से गुंजायमान कर रहे हैं। हर साल की तरह इस वर्ष भी विदेशों से आए प्रवासी पक्षी सर्दियों की शुरुआत के साथ नर्मदा तट पर दिखाई देने लगे हैं। गौरीघाट पर सुबह और शाम के समय लोगों की खासी भीड़ देखी जा रही है। ये केवल गौरीघाट तक सीमित नहीं रहते, बल्कि तिलवारा घाट, बरगी, डुमना और मदन महल की पहाड़ियों के आसपास बने जल सरोवरों में भी नजर आते हैं।


### श्रद्धालु दाने डालकर बुलाते हैं अपने पास

नर्मदा दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु इन पक्षियों को देखकर ठहर जाते हैं और सेव, चना व दाने डालकर इन्हें अपने पास बुलाते हैं। लोगों की आवाज सुनते ही पक्षियों का नदी किनारे उड़कर आ जाना हर किसी को रोमांचित कर रहा है। नर्मदा तट पर बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इन प्रवासी मेहमानों के साथ समय बिताते नजर आए। कई लोग मोबाइल कैमरे में इस पल को कैद करते हुए सेल्फी लेते दिखे।

### ठंड में आते, गर्मियों की शुरुआत में लौट जाते हैं

स्थानीय लोगों एवं नाविकों ने बताया कि ठंड शुरू होते ही ये प्रवासी पक्षियों की संख्या बढ़ जाती है। मार्च-अप्रैल में गर्मी की शुरुआत के साथ ये पक्षी अपने मूल देशों की ओर लौट जाएंगे। पिछले लगभग पांच वर्षों से नर्मदा तट और आसपास के जलाशयों में वेरडीट्टर फ्लाईकैचर, ग्रे वागटेल, अल्ट्रामरीन फ्लाईकैचर, रस्टी टेल्ड फ्लाईकैचर, वेस्टर्न क्राउन वार्बलर, टिकेल्स थ्रश, ग्लॉसी आइबिस और पेरेग्रिन फाल्कन जैसे दुर्लभ प्रवासी पक्षियों की मौजूदगी लगातार देखी जा रही है।

### इनका कहना है



हम रोज सुबह नर्मदा दर्शन के लिए आते हैं। सर्दी आते ही जब ये प्रवासी पक्षी दिखते हैं तो मन खुश हो जाता है।

**ओमप्रकाश सचान**



पहली बार इतने पास से प्रवासी पक्षियों को देखा। जैसे ही आवाज दी, वे उड़कर पास आ गए। यह अनुभव मेरे लिए बहुत खास था।

**मुस्कान सोनी**

# कलेक्टर ने ग्रामीणों को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

**उद्यम संस्कार शिविर व जनसुनवाई, 39 आवेदनों पर स्वरोजगार की पहल**





**नवभारत, जबलपुर।** जिले में आर्थिक समृद्धि और रोजगार-सृजन के उद्देश्य से आयोजित उद्यम संस्कार शिविरों की कड़ी में बुधवार को कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत ने मझौली विकासखंड के ग्राम पंचायत रानीताल कटाव में उद्यम संस्कार शिविर एवं जनसुनवाई का आयोजन किया। शिविर में कलेक्टर ने ग्रामीणों को छोटे-छोटे उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और स्वरोजगार से जुड़ी समस्याओं पर संवाद किया। सीईओ ने खेती व नौकरी के साथ उद्योग को भी आय का मजबूत साधन बताया।

इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विनीत रजक ने एमएसएमई के अंतर्गत उद्यम स्थापना की जानकारी दी। साथ ही ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना और मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना सहित उद्यानिकी, मत्स्य, मुर्गी व पशुपालन योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में बकरी, भैंस व सुअर पालन, किराना दुकान, कंप्यूटर सेंटर, मोबाइल रिपेयरिंग, फर्नीचर, वेल्डिंग, प्लास्टिक दोना-पत्तल एवं ईंट भट्ठा जैसे कार्यों के लिए 39 लोगों ने आवेदन किया, जिन्हें प्रोसेस में लिया गया। उल्लेखनीय है कि बुधवार को जिले के सातों विकासखंडों के 14 ग्रामों में उद्यम संस्कार शिविर आयोजित किए गए, जिनमें जबलपुर, पनागर, पाटन, मझौली, शहपुरा, सिहोरा और कुंडम विकासखंड शामिल रहे।

### जनसुनवाई में त्वरित निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने नामांतरण, सीमांकन, केसीसी, राशन, ई-केवायसी, पेंशन, किसान सम्मान निधि सहित जनसमस्याओं पर अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए और लाड़ली बहनों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने का आग्रह किया। इस दौरान एसडीएम पुष्पेन्द्र अहके, एलडीएम दिवाकर ठाकुर, तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जूनियर मप्र कुराश टीम में संस्कारधानी के युवा खिलाड़ी चुने

**राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में करेंगे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व**

**नवभारत, जबलपुर।** जूनियर राज्य स्पर्धा के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मध्यप्रदेश कुराश टीम की घोषणा की गई। टीम के जूरी में राहुल व्यास, तकनीकी अधिकारी के रूप में महेश पुरोहित, विक्रम दांगी, वैशाली तिवारी शामिल हैं। टीम में अनुराग सिंह कमरिया, आंचल पटेल, शशांक सिंह ठाकुर, दीपक जाट कोच हैं। टीम में जबलपुर के अन्वी लोधी पटेल, गौरी दांगी, शिवानी ठाकुर, अर्णवी मिश्रा, माही साहू, चंचल पटवा, कोमल नेगी, चारु चिचम, प्रांजल विश्वकर्मा, नंदिनी राजपूत, आशी वरकडे, नाव्या रजक, आस्ता सेन, उजाला प्रजापत, सुकृति चौधरी, साक्षी बैरागी, सुहानी शर्मा, शिवांग कुशवाह, इशिका सेठ, मंतव्य तिवारी, ऋषि राय, कृष्णा यादव, राज चक्रवर्ती, प्रभाकर कुमार, सक्षम पटेल, चेतन चौहान, सत्यम पाटकर, निकुंज गुर्जर, अदभुत शर्मा, प्रांजल मौर्य, आदित्य सिंह चौहान, लक्षिका वर्मा, आर्या चौधरी, नेहा गेरु, सिद्धि कुलकर्णी, मोहिनी प्रजापत, सृष्टि तिवारी, कुशाग्र व्यास, हर्षवर्धन राठौड़, आदित्य देव त्रिपाठी, अनुज जोशी, ऋषभ सविता, लवेश नायक, सुमित गुर्जर, हर्ष परिहार, धनंजय वाधवानी, आकांक्षा दीक्षित, आर्यन भारतीय, प्रत्यक्ष पुरोहित, आकाश तिवारी, योगेश पंवार, नैवेध हार्डिया शामिल हैं। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे, कुराश एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष विभोर बबेले, शिवानी सिंह ठाकुर, अमित श्रीवास, सात्विक कुर्मी, राहुल भोजक, सीरिल श्रीवास, विश्वास चौधरी, ऋषभ भोजक, कृष्ण कुमार सराठे आदि ने खिलाड़ियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी।

## रॉयल ब्लू एवं टाइटेनियम ने जीता मैच

**जबलपुर, नवभारत।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वाधान में उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर एवं हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जबलपुर के सहयोग से 16-वां एडवोकेट्स प्रीमियम लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेन्ट का मैच टीम प्लेटिनियम एवं टीम रॉयल ब्लू के बीच आयोजित किया गया, जिसमें टीम रॉयल ब्लू ने 2 विकेट से मैच जीत लिया। इसी क्रम में दूसरा मैच टीम टाइटेनियम और टीम डायमंड के बीच आयोजित किया गया जिसमें टीम टाईटेनियम ने 9 विकेट से मैच जीत लिया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी आदि उपस्थितरहे।

# मूलभूत सुविधाओं के निराकरण में कोताही नहीं होगी बर्दाश्त : निगमायुक्त

**सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों को निराकृत करने दिए निर्देश**



**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम के आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट और सख्त निर्देश दिए हैं कि शहर की मूलभूत सुविधाओं और जन-शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक का मुख्य एजेंडा जनता की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान रहा। इस दौरान निगमायुक्त ने सीएम हैल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि हर प्रकरण का निराकरण आवेदक की संतुष्टि के साथ होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से फीडबैक लेने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि नागरिक प्रशासन की कार्रवाई से पूरी तरह संतुष्ट हों।

### अंधेरे से मुक्ति : ब्लैक स्पॉट होंगे रोशन

शहर की सुरक्षा और सुगमता को देखते हुए निगमायुक्त ने 'ब्लैक स्पॉट' ऐसे स्थान जहाँ अंधेरा रहता है को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शहर के हर कोने में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था होनी चाहिए। चिन्हित स्थानों पर तत्काल नई स्ट्रीट लाइट्स लगाई जाएंगी।मौजूदा बंद लाइटों को प्राथमिकता के आधार पर सुधारा जाएगा। वहीं निगमायुक्त ने कार्यपालन यंत्री को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शहर में जहाँ भी पाइपलाइन लीकेज की समस्या है, उसे युद्ध स्तर पर ठीक किया जाए। बैठक में सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

**ए एक नजर में**

## डॉ. मधुर वर्मा मंडल खेल अधिकारी नियुक्त



**नवभारत, जबलपुर।** रेल कर्मचारियों में खेल भावना को प्रोत्साहित करने एवं खेल गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में जबलपुर रेल मंडल द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा द्वारा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा को जबलपुर रेल मंडल का मंडल खेल अधिकारी नियुक्त किया गया है। डॉ. मधुर वर्मा वर्तमान में मंडल वाणिज्य विभाग के प्रमुख अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। नई जिम्मेदारी के अंतर्गत वे वाणिज्य विभाग के कार्यों के साथ-साथ मंडल में खेलकूद गतिविधियों के समन्वय, आयोजन एवं विकास की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। इसके साथ ही, सहायक वाणिज्य प्रबंधक गुन्नार सिंह को सहायक खेल अधिकारी तथा वाणिज्य निरीक्षक सादिक खान को मंडल खेल सचिव नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों से मंडल में खेल गतिविधियों के संचालन एवं प्रबंधन को और अधिक गति मिलने की उम्मीद है।



## संभागायुक्त ने की सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा

**नवभारत, जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने बुधवार को विकास विभागों से संबंधित सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की वर्चुअल समीक्षा की। बैठक में सामाजिक न्याय, जल संसाधन, स्कूल शिक्षा, ट्राइबल, स्वास्थ्य और कृषि विभागों के लंबित मामलों पर चर्चा की गई। समीक्षा में अधिकांश महत्वपूर्ण शिकायतों का संतोषजनक समाधान किया गया। विशेष रूप से नरसिंहपुर की श्रीमती प्रमिला (पति: गुलशन) के जननी सुरक्षा योजना राशि के लंबित भुगतान का आज समाधान किया गया। संभागायुक्त ने अन्य लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। धनंजय सिंह ने उन अधिकारियों को चेतावनी दी जिनका प्रदर्शन न्यून है कि वे नियमित मॉनिटरिंग करें और शिकायतों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करें। समीक्षा में संबंधित जिला अधिकारी वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे और सीएम हेल्पलाइन की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की।



## होटल एंड रेस्टॉरेंट वेलफेयर एसोसिएशन का मेगा ट्रेड फेयर 10 से

**नवभारत, जबलपुर।** होटल एंड रेस्टॉरेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मेगा ट्रेड फेयर 2.0- 2026 का आयोजन होटल रॉयल ऑर्बिट में 10, 11, 12 एवं 13 जनवरी को किया गया है। जहां होटल इंडस्ट्री से जुड़े तमाम लोग एक ही छत के नीचे जुटेंगे। फेयर में क्रॉकरी, कटलरी, फर्नीचर, आर्किटेक्ट, सर्विसेज, बैडशीट्स, वॉटर सप्लायर्स, इलेक्ट्रिफिकेशन एक्सपर्ट, सोलर कंपनियां, इंटीरियर डिजाइनिंग एक्सपर्ट से जुड़े व्यवसायी रहेंगे। एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि फेयर में कुल 100 से ज्यादा एक्जीबिटर्स हैं, वहीं आसपास के करीब 500 से अधिक होटल व्यवसायी इसमें शामिल होंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष वसंत घोड़ावत, सचिव तनप्रीत सिंह छाबड़ा, ट्रेजरार विनीत गोकलानी, सह सचिव उपनीत छाबड़ा, इवेंट चेयर पर्सन संदीप विजन, वरिष्ठ सदस्यों कमल ग्रोवर, अमित जसूजा, नितिन चंडोक, संजय जैन आदि ने सहभागिता की अपील की है। सचिव तनप्रीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से फेयर के साथ ही एक जिला, एक उत्पाद के अंतर्गत मटर महोत्सव का 11 जनवरी को आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में होटलों के साथ गृहिणियों की सहभागिता भी रहेगी। कॉम्पिटीशन में 25 होटल सहभागिता करेंगे।

# हेलमेट और ट्रैफिक नियमों की दी गई जानकारी



**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जबलपुर यातायात पुलिस द्वारा केवल कार्रवाई ही नहीं, बल्कि जन जागरूकता अभियान भी व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आम नागरिकों, छात्र-छात्राओं एवं ऑटो- आपे चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। थाना यातायात मालवीय चौक क्षेत्र में पदस्थ सूबेदार रोहित तिवारी, सउनि अंशुमन पाण्डेय एवं सउनि सत्यनारायण टहरगुरिया द्वारा होम साइंस कॉलेज की छात्राओं को यातायात नियमों, हेलमेट उपयोग एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। वहीं, तीन पत्ती चौक पर सहायक उप निरीक्षक जी.पी. पाण्डेय एवं दौलत प्रसाद बैरागी द्वारा ऑटो-आपे चालकों को लेफ्ट टर्न क्लियर रखने की समझाइश दी गई। थाना यातायात घमापुर अंतर्गत थाना प्रभारी यातायात शशि ध्रुवे द्वारा संप्रेषण गृह गोकलपुर में अधीक्षक सुश्री माधुरी रजक की उपस्थिति में बच्चों को राहवीर योजना एवं यातायात नियमों के पालन का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान हेलमेट की गुणवत्ता, मैनुअल ट्रैफिक साइन, हेल्पलाइन नंबर, कैशलेस उपचार योजना और सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की सहायता से जुड़ी जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे हेलमेट एवं सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करें, ओवरस्पीडिंग व रोड रेसिंग से बचें और यातायात संकेतों का पालन करें। साथ ही यह आशा व्यक्त की गई कि भविष्य में विद्यार्थी राहवीर बनकर समाज के लिए प्रेरणा बनेंगे।



## हिंदू सम्मेलन के लिए धर्म ध्वजा स्थापित

**नवभारत, जबलपुर।** गुप्तेश्वर नगर क्टंगा बस्ती विजडम वैली स्कूल में 30 जनवरी को आयोजित होने जा रहे विशाल हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल पर भूमि पूजन एवं धर्म ध्वजा की स्थापना का पावन कार्यक्रम श्रद्धा और विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। स्थापित किया गया भगवा ध्वज सनातन धर्म की अमर ज्योति, हिंदू एकता, संस्कृति, एवं आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है, जो समाज को धर्म, संस्कार और संगठन के सूत्र में बांधने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर स्थानीय नागरिक और महिलाएं उपस्थित रही।

## जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी का नया नाम : 'मूकमाटी एक्सप्रेस'

**रेल मंत्रालय ने लिया निर्णय, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन ने जताया आभार**

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर-रायपुर (वाया डोंगरगढ़) इंटरसिटी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 11701/11702) का नाम अब 'मूकमाटी एक्सप्रेस' रखा गया है। रेल मंत्रालय ने यह ऐतिहासिक निर्णय आचार्य गुरुदेव 1008 श्री विद्यासागर जी महाराज की मोक्षस्थली मूकमाटी के सम्मान में लिया है। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के मीडिया प्रभारी नितिन जैन ने संबंधित आदेश और जानकारी साझा कर बताया कि नामकरण आचार्य श्री के तप, ज्ञान और राष्ट्र सेवा में योगदान के प्रति सम्मान का प्रतीक है। फेडरेशन के अध्यक्ष मनोहर झाँझरी, महासचिव विनय जैन, कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल, अतिरिक्त महासचिव प्रशांत जैन, निवर्तमान अध्यक्ष राकेश विनायका सहित अन्य पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को आभार जताया। समाजजनों ने कहा कि यह नामकरण आने वाली पीढ़ियों को आचार्य श्री के आदर्श, अहिंसा, संयम और नैतिक मूल्यों से प्रेरित करेगा तथा भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक विरासत को और मजबूत बनाएगा।

# रानी दुर्गावती न्यास ने सम्मानित किया रामनामी समाज

**राम-राम अंकित जीवन शैली और सामाजिक समरसता के लिए बंधुओं को किया गया सम्मानित**



**नवभारत, जबलपुर।** छत्तीसगढ़ की विशिष्ट सामाजिक-धार्मिक परंपरा से जुड़े रामनामी समाज के प्रतिनिधियों का केशव कुटी में स्वागत किया गया। इस अवसर पर रानी दुर्गावती न्यास ने रामनामी बंधुओं को श्रीफल अर्पित कर सम्मानित किया और श्रीराम स्मृति-चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने रामनामी समाज की राष्ट्रनिष्ठा, अनुशासित जीवनशैली और सामाजिक समरसता पर प्रकाश डाला। रामनामी समाज ने अपने शरीर पर 'राम-राम' अंकित कर इसे मंदिर का रूप देने और सभी प्राणियों के प्रति समान भाव रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रामनामी समुदाय की अध्यक्ष गुरुमाता सेतबाई रामनामी सहित समाज के वरिष्ठजन मंचासीन रहे। वरिष्ठ संरक्षक मनहरण रामनामी, महासचिव भूराराम रामनामी, आचार्य रामभगत रामनामी, माता गीता बाई रामनामी, माता शांति बाई रामनामी, वरिष्ठ सेवक राम सिंह रामनामी, कुंजविहारी रामनामी, तिहारुराम रामनामी और 90 वर्षीय आपू राम रामनामी की उपस्थिति रही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक जुगराजधर, प्रांत संघचालक प्रदीप दुबे, प्रांत प्रचारक ब्रजकांत, शरद अग्रवाल सहित कई स्वयंसेवक भी उपस्थित थे। सभी ने रामनामी समाज की परंपराओं, राष्ट्रभाव और सामाजिक योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने रामनामी समाज के अनुशासन, आध्यात्मिक जीवन और सामाजिक समरसता को प्रेरक उदाहरण बताया।

**समापन** | 18 दिवसीय 'सृजन कार्यक्रम' का समापन, 261 प्रतिभागियों की रही सहभागिता

# किशोर-किशोरियों को मिला आत्मरक्षा व कानूनी प्रशिक्षण







**नवभारत, जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्गनिर्देशन में सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत जन साहस सामाजिक संस्था के तकनीकी सहयोग से आयोजित 18 दिवसीय 'सृजन कार्यक्रम' का समापन मंगल भवन, थाना पनागर क्षेत्र में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर/किशोरियों को आत्मरक्षा, लैंगिक समानता, कानूनी जागरूकता, नेतृत्व क्षमता, बाल विवाह रोकथाम, नशा व हिंसा उन्मूलन तथा सकारात्मक जीवन मूल्यों के प्रति जागरूक करना रहा। समापन अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पल्लवी शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल राजेश्वरी कौरव, नगर पुलिस अधीक्षक गढ़ा आशीष जैन एवं रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में 261 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, किशोर/किशोरियां एवं उनके अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान हाशिए पर रहने वाले, अनाथ, एकल अभिभावक, घरेलू हिंसा से पीड़ित, दिव्यांग, शाला त्यागी एवं वंचित बच्चों को प्राथमिकता दी गई। समापन अवसर पर किशोर/किशोरियों ने पावर वॉक के माध्यम से मां, पुलिस, सेना, डॉक्टर, वकील सहित सावित्री बाई फुले, डॉ. भीमराव आंबेडकर, महात्मा गांधी एवं शहीद भगत सिंह जैसे महान व्यक्तित्वों की भूमिकाओं का सशक्त प्रदर्शन किया। साथ ही 110 किशोर/किशोरियों ने मार्शल आर्ट का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा जन साहस टीम को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए, वहीं जन साहस संस्था द्वारा रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य, उप निरीक्षक सुनीता पंच एवं आरक्षक धीरू सिंह को सम्मानित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जन साहस संस्था के जिला समन्वयक राजू चौधरी, कंचन कोरी, नंदनी सूर्यवंशी, सोनाली मेहरा, शिवानी उठया, मनीषा पटेल, नवीन कोरी, हाईकोर्ट अधिवक्ता पाप्या घोष, जिला अधिवक्ता प्रशांत कुमार वर्मा, उप निरीक्षक सुनीता पंच, आरक्षक आकाश एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता के लिए सूबेदार सुनीता पंच ने आभार व्यक्त किया।



## छात्रों ने दिखाया अपनी कल्पना का जादू

**नवभारत, जबलपुर।** एक्सिस बैंक ने अपनी वार्षिक कला, शिल्प और साहित्य प्रतियोगिता एसपीएलएएसएच का सफल आयोजन किया। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय 'सपने' रखा गया, जिसमें देशभर के 995 से अधिक स्कूलों के छात्र शामिल हुए। पश्चिमी क्षेत्र में मुंबई, ठाणे, पुणे, भोपाल, सागर और जबलपुर के 224 स्कूलों के 45,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। एक्सिस बैंक ने बच्चों के लिए 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता सपनों का जनक' (एआई ड्रीम जनरेटर) भी लॉन्च किया। यह डिजिटल उपकरण बच्चों को उनके सपनों को कला, शिल्प या साहित्य के माध्यम से साकार रूप देने में मदद करता है। प्रतियोगिता में 6 राष्ट्रीय विजेता और 6 राष्ट्रीय उपविजेता चुने जाएंगे। विजेताओं को 1 लाख रुपये और उपविजेताओं को 50,000 रुपये का पुरस्कार मिलेगा। इसके साथ ही उन्हें दुबई में आयोजित विशेष कला और शिल्प कार्यशाला में भाग लेने का अवसर मिलेगा। विजेताओं की कलाकृतियाँ बेंगलुरु स्थित कला और फोटोग्राफी संग्रहालय में प्रदर्शित की जाएंगी। शीर्ष 400 प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार और वाउचर भी मिलेंगे।